>

Title : Need to start flight services from Disa Airport in Banaskantha district, Gujarat.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): मैं केन्द्र सरकार का ध्यान उत्तर गुजरात क्षेत्र में 1945 में बने डीसा एयरपोर्ट, जिला बनासकांठा के कार्यान्वयन हेतु आकर्षित करना चाहती हूं। इससे उत्तर गुजरात के पाटण, बनासकांठा मेहसाणा की 75 लाख लोगों को सुविधा मिलेगी।

उत्तर गुजरात में अम्बाजी, संखेश्वर, पाटण, बडनगर के पर्यटकों को बढ़ावा मिलेगा। इसके पास माउंटआबू, रानकपुर और उदयपुर जैसे नजदीकी स्थानों में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। तीनों जिलों की दूध डेरियां और डायमंड उद्योग को भी बढ़ावा मिलने की पूरी संभावना है। आयल मिलें और कृषि मंडी बड़े पैमाने पर तीनों जिलों में फैली हुई हैं। इसलिए यहाँ देश-विदेश से उद्योगपतियों का आवागमन, इजरायल, अमेरिका, सूरत, चैन्नई, मुम्बई, कोलकाता और दिल्ली से भी रहता है।

अहमदाबाद का एयरपोर्ट उत्तर गुजरात से 150-200 किमी0 दूर पड़ता है। उत्तर गुजरात के डीसा एयरपोर्ट के कार्यान्वयन से उत्तर गुजरात के लोगों को बहुत बड़ी सुविधा मिलेगी।

â€¦(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : सिर्फ मंत्री जी की बात रिकार्ड में जाएगी, बाकी रिकार्ड में नहीं जाएगा।

*(Interruptions)**

---

*Not recorded.